कार्यालय वनमंडलाधिकारी दक्षिण (सा.) वनमण्डल
बालाघाट (म.प्र.)

दूरभाष नं.-(07632-248414)
Email - dfotsbghat@mp.gov.in

क्रमांक / मा0चि0 / 566 बालाघाट, दिनांक 24 / 01 / 2023

प्रति,

महाप्रबंधक,
म.प्र. ग्रामीण सडक विकास प्राधिकरण,
परियोजना क्रियान्वयन इकाई क्र.–1,
बालाघाट (म.प्र.)

विषयः– बालाघाट जिले में लांजी तहसील अन्तर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (RCPLWE) के तहत सीतापाला टाटीकल से कोसमदेही तक सड़क निर्माण कार्य किये जाने हेतु प्रस्तावित प्रभावित वनभूमि रकबा 12.69 हे0 की वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 के अन्तर्गत वनभूमि व्यपवर्तन की शासन स्वीकृति प्रदान करने बाबद्। **ऑन लाईन प्रस्तुत प्रस्ताव क्रमांक / FP/MP/ROAD/156164/2022**

संदर्भ :– आपका पत्र कमांक / 104 / तक / म0प्र0ग्रासप्रा / 2023, दिनांक 13.01.2023

---00---

उपरोक्त विषयांकित संदर्भित पत्रों का अवलोकन करें। संदर्भित पत्र द्वारा प्रस्तुत प्रकरण प्रस्ताव में म0प्र0 शासन वन विभाग मंत्रालय भोपाल के पत्र आदेश कमांक –एफ–5–14 / 2005 / 10–3 दिनांक 30 जुलाई 2012 में दिये गये निर्देशानुसार **पंजीयन शुल्क की राशि रू0 1,000 / – (रू0 एक हजार मात्र) एवं प्रोसेसिंग शुल्क की राशि रू0 5,000 / – (रू0 पॉच हजार मात्र)** का भुगतान कार्यालय प्रधान मुख्य वनसंरक्षक (कक्ष भू–प्रबंध) म0प्र0 भोपाल के पत्र क्रमांक / एफ–11 / 2018 / 10–11 / 3753 दिनांक 05.12.2018 (उक्त पत्र की छायाप्रति संलग्न प्रेषित है) द्वारा दिये गये निर्देशों एवं प्रक्रिया के अनुसार ऑनलाईन मध्यप्रदेश ट्रेजरी के वेबपोर्टल पर तत्काल करने का कष्ट करें। तथा ऑनलाईन भुगतान करने के बाद प्राप्ति रसीद का प्रिंट आउट निकाल कर सत्यापित प्रति इस वनमण्डल कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें। ताकि आपके संस्थान / विभाग द्वारा उपरोक्त किये गये भुगतान की रसीद इस कार्यालय में उपलब्ध कराने पर रसीद में उल्लेखित CRN क्रमांक से कोषालय की वेबसाईड में जाकर किये गये भुगतान की पुष्टि की जा सके। तथा इस संबंध में किये गये भुगतान की जानकारी से वनवृत्त कार्यालय बालाघाट को अवगत कराया जा सके, तथा उपरोक्त प्राप्त प्रस्ताव में नियमानुसार अग्रिम आवश्यक कार्यवाही कीं जा सके।

उपरोक्तानुसार पंजीयन / प्रोसेसिंग शुल्क वापसी योग्य नहीं **(non-refundable)** होगा।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।
(उल्लेखित पत्रों की छायाप्रति)

वनमंडलाधिकारी
दक्षिण (सा0) वनमंडल,बालाघाट
वनमंडलाधिकारी दक्षिण सा.वनमंडल,बालाघाट

पृ0कमांक / मा0चि0 / 567 बालाघाट, दिनांक 24 / 01 / 2023

प्रतिलिपि :–

1. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) म.प्र. भोपाल की ओर उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्रों के तारतम्य में सूचनार्थ संप्रेषित।
2. वन संरक्षक, बालाघाट वनवृत्त, बालाघाट (म.प्र.) की ओर उपरोक्त विषयांकित संदर्भित पत्र जिसकी प्रतिलिपी आपकी ओर पृष्ठांकित प्रेषित है, के तारतम्य में सूचनार्थ संप्रेषित।
3. प्रमुख अभियंता, म.प्र. ग्रामीण सडक विकास प्राधिकरण, पर्यावास भवन, भोपाल की ओर उपरोक्त विषयांतर्गत संबंध में सूचनार्थ अग्रेषित।
4. कलेक्टर, जिला–बालाघाट (म.प्र.) की ओर उपरोक्त विषयांतर्गत संबंध में सूचनार्थ संप्रेषित।
5. उपवनमण्डलाधिकारी, लांजी (सा0) उपवनमण्डल एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी पूर्व लांजी (सा0) परिक्षेत्र की ओर उपरोक्त विषयांतर्गत संबंध में सूचनार्थ अग्रेषित।
6. शाखा प्रभारी राजस्व शाखा, वनमण्डल कार्यालय की ओर उपरोक्त विषयांतर्गत संबंध में सूचनार्थ अग्रेषित।

वनमंडलाधिकारी
दक्षिण (सा0) वनमंडल,बालाघाट
वनमंडलाधिकारी दक्षिण सा.वनमंडल,बालाघाट